सरकार द्वारा एशियाई शेरों के स्थानांतरण की पुनः जाँच

भारत सरकार एशियाई शेरों ***(????????? ????? ????????)*** को [गिर राष्ट्रीय उद्यान] से [कूनो राष्ट्रीय उद्यान] में स्थानांतरित करने की योजना की फिर से जाँच कर रही है।

एशियाई शेरों के स्थानांतरण से संबंधित विकास:

- वर्ष 2013 में सर्वोच्च न्यायालय **द्वारा सरकार को एशियाई शेरों को गुजरात से मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में स्थानांतरित** करने का आदेश दिया गया था। हालाँकि यह कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है।
- हालाँकि **प्रोजेक्ट लायन** के लिये केंद्र के 25 वर्ष के रोडमैप में **गुजरात के बाहर किसी भी प्रकार के स्थानांतरण का कोई प्रावधान नहीं है।**
    - इसके बजाय वर्ष 2047 तक पूरे सौराष्ट्र में **सहायता प्राप्त प्राकृतिक विस्तारण** मुख्य लक्ष्य है।
- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण** (National Tiger Conservation Authority- NTCA) ने हाल ही में बताया है कि पिछले 5 वर्षों में शेरों की आबादी में 29% की वृद्धि हुई है।
    - कूनो में हाल ही में चीतों को लाए जाने के बाद से NTCA गिर वन के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर शेरों के अस्तित्व को सुनिश्चित करने के तरीकों की तलाश कर रहा है।

एशियाई शेरों से संबंधित प्रमुख बिंदु:

- **परिचय:**
    - एशियाई शेर (जिसे **फारसी शेर या भारतीय शेर** के रूप में भी जाना जाता है) **पैंथेरा लियो उप-प्रजाति का सदस्य** है जो भारत तक ही सीमित है।
    - इससे पहले पश्चिम एशिया और मध्य-पूर्व में एशियाई शेर के आवास थे, लेकिन इन क्षेत्रों में अब ये विलुप्त हो गए हैं।
    - एशियाई शेर अफ्रीकी शेरों की तुलना में **थोड़े छोटे** होते हैं।
- **वितरण:**
    - एशियाई शेरों को एक बार **पूर्व में पश्चिम बंगाल राज्य एवं मध्य भारत में मध्य प्रदेश के रीवा में** वितरित किया गया था।
    - वर्तमान में **गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य** एशियाई शेर का एकमात्र निवास स्थान है।
- **संरक्षण की स्थिति:**
    - IUCN की रेड लिस्ट: **लुप्तप्राय**
    - CITES: **परिशिष्ट I**
    - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972: **अनुसूची I**

गिर राष्ट्रीय उद्यान:

- **गिर राष्ट्रीय उद्यान** और वन्यजीव अभयारण्य गुजरात के **जूनागढ़ ज़िले** में स्थित है।
    - इसे **वर्ष 1965 में अभयारण्य** और **वर्ष 1975 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित** किया गया था।
- भारत के **अर्द्ध-शुष्क पश्चिमी भाग में गिर वन शुष्क पर्णपाती वन** हैं।
- गिर को अक्सर '**मलधारिस' (Maldharis)** के साथ जोड़ा जाता है जो शेरों के साथ सहजीवी संबंध होने से युगों तक जीवित रहे हैं।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान:

- कुनो राष्ट्रीय उद्यान भारत में **मध्य प्रदेश राज्य के श्योपुर ज़िले में स्थित एक संरक्षित क्षेत्र है।**

- इसमें **चीतल, सांभर, नीलगाय, जंगली सुअर, चिंकारा** और मवेशियों की स्वस्थ आबादी पाई जाती है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)

1. एशियाई शेर प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
2. दो कूबड़ वाला ऊँट प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
3. एक सींग वाला गैंडा प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (a)

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/government-to-re-examine-asiatic-lion-translocation-plan